प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सभी से पौधरोपण अभियान में सक्रिय भाग लेकर पर्यावरण की रक्षा की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया है। यात्री सेवा दिवस के अवसर पर कांगड़ा ज़िला के गगल एयरपोर्ट परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हर्बल गार्डन में पौधरोपण के बाद ये बात कही। राज्यपाल ने कहा कि पौधरोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने और अवसंरचना विकास के साथ हरियाली को बढ़ावा देना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह के प्रयास यात्रियों सहित सभी हितधारकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करेंगे।

## जीएसटी सुधार–कृषि क्षेत्र

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को उनका यह सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की। आज, हम कृषि क्षेत्र विशेषकर ट्रैक्टरों के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं।

## सेवा पखवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी हर वर्ष प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाती हैं। सन्नी शुक्ला ने बताया कि सेवा पखावडा के तहत युवा मोर्चा द्वारा कल 17 सितम्बर को देश सहित प्रदेश में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को शिमला के रिज मैदान पर नमो युवा रन का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हमीरपुर व मंडी में भी युवा रन का आयोजन किया जाएगा। सन्नी शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवा रन को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा रन के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति का सन्देश दिया जाएगा।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही 4 सौ नर्सों की भर्ती करेगी और सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों साहित पैरामैडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। वे आज हमीरपुर स्थित डॉ राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शांडिल ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आपदा के कठिन समय में ज़रूरतमंदों तक राहत पहुंचाने के लिए अपना अधिक से अधिक योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान रोगी कल्याण समिति के बजट व्यय और ऑटिड रिपोर्ट को कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

———————————————